# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026





# ममता ने भाजपा को बताया 'बांग्ला-विरोधी जमींदार' तो गृहमंत्री शाह ने कहा- हुमायूं टीएमसी का एजेंट

## बंगाल में सियासी घमासान हुआ तेज ममता, शाह, राहुल ने की चुनावी सभा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली के दौरान भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्षी दल को बांग्ला-विरोधी जमींदार बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा राज्य के लोगों को बांटने और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी रैली का वीडियो साझा करते हुए बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान और बांकुड़ा के मतदाताओं से अपील की कि वे टीएमसी को लगातार चौथी बार सत्ता में लाएं। उन्होंने लिखा कि राज्य की जनता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और पिछले 15 वर्षों में जो कुछ भी हासिल हुआ है, वह मां-माटी-मानुष की साझी ताकत का नतीजा है।

**कुछ ताकतें राज्य के लोगों को बांटने की कोशिश कर रही :** मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ ताकतें पश्चिम बंगाल के लोगों को बांटने और अपमानित करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपको वचन देती हूं कि जब तक मैं सांस ले रही हूं, इस धरती और इसके लोगों को कोई नुकसान नहीं होने दूंगी। मैं आखिरी दम तक बंगाल और यहां के हर व्यक्ति की रक्षा के लिए लड़ूंगी।

### खास बातें

- बंगाल में 23 व 29 अप्रैल को दो चरणों में होना है मतदान
- चौथी बार सत्ता में वापसी की कोशिश में है टीएमसी



### दिलचस्प हो गया है इस बार का चुनाव

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होने हैं, जबकि नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इस बार राज्य में मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा है, जहां टीएमसी चौथी बार सत्ता में वापसी की कोशिश में है, वहीं भाजपा पिछले चुनावों में मजबूत प्रदर्शन के बाद पहली बार सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में है।

### भाजपा शासित राज्यों में किया जाता है बांग्लाभाषी लोगों को परेशान : अभिषेक

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी बताकर परेशान किया जा रहा है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने उत्तर बंगाल के कूच बिहार में रोड शो के बाद एक सभा में अपने संबोधन में नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह बंगाल को उसका जायज हक नहीं दे रही है क्योंकि राज्य की जनता तृणमूल को बार बार जिता कर सत्ता में ला रही है। अभिषेक ने कहा, 'वे भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को सता रहे हैं और प्रताड़ित कर रहे हैं।

### भाजपा-आरएसएस की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही : राहुल

रायगंज/मालदा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही है। गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को 'असंवैधानिक' करार दिया और आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस को जहां भी मौका मिलता है, वे संविधान पर हमला करते हैं। उन्होंने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए धर्म और जाति के नाम पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद, एसआईआर के तहत मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए लोगों के नाम बहाल कर दिए जाएंगे।



## महिलाओं को 2000, फ्री सिलेंडर का वादा तमिलनाडु में भाजपा ने जारी किया घोषणापत्र

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पश्चिम बंगाल के बाद अब तमिलनाडु में भाजपा ने अपने घोषणापत्र जारी किया है। मैनिफेस्टो में महिलाओं के लिए 2,000 रुपये और हर साल तीन फ्री एलपीजी सिलेंडर का वादा किया है। घोषणापत्र जारी करने के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी. नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और हर भारतीय को इस पर बहुत गर्व है। आज इस सांस्कृतिक राजधानी को अपराध की राजधानी में बदल दिया गया है। अब पूरे राज्य में डीएमके और भ्रष्टाचार, अपराध के खिलाफ गुस्सा है। इस चुनाव में आप देखेंगे, हम देखेंगे कि लोग इस नापाक गठबंधन का पर्दाफाश करेंगे।



### महिलाओं के लिए 2000 की घोषणा

भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में घर की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपये, सालाना तीन फ्री एलपीजी सिलेंडर और टैक्स बढ़ोतरी और बढ़ते रहने के खर्च को कम करने के लिए हर घर को एक बार में 10,000 रुपये देने का वादा किया है। मैनिफेस्टो में योग्य महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 रुपए की सब्सिडी, जल्लीकट्टू बैल पालने वालों को 2,000 रुपए महीने की मदद और हिस्सा लेने वालों की मौत होने पर 10 रुपए लाख की मदद का भी प्रस्ताव है।

### घर खरीदने वालों को भी मिलेगी छूट

पार्टी ने पहली बार घर खरीदने वाली महिलाओं के लिए 3% स्टाम्प ड्यूटी में छूट, 10,000 रु. की एक बार की घरेलू मदद स्कीम और घरेलू सामान के लिए रुपए 8,000 के कूपन समेत लगातार मदद के उपायों की भी घोषणा की है। इसमें स्थानीय लोगों के लिए बड़े मंदिरों में रोजाना दो घंटे के दर्शन स्लॉट और थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर रोशनी करने समेत कार्तिगई दीपम की रस्मों को जारी रखने का भी प्रस्ताव है।

### तमिलनाडु की सत्ता एक परिवार तक सीमित : नवीन



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को तमिलनाडु के अरनथांगी में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की कुर्सी को परिवार की जागीर समझने की प्रवृत्ति, जिसमें करुणानिधि के बाद स्टालिन और फिर उनके पुत्र को सत्ता सौंपने की योजना है, उसे समाप्त किया जाएगा। एनडीए की सरकार बनने पर इस भ्रष्ट परिवार को सत्ता से हटाया जाएगा और उनसे एक-एक रुपये का हिसाब लिया जाएगा। डीएमके ने तमिलनाडु के इतिहास को अपमानित किया, भगवान मुरुगन से लेकर दीपम को भी अपमानित किया, तमिलनाडु के वर्तमान और भविष्य के साथ भी खेलने का काम किया। नवीन ने गंधर्वकोट्टई में वेल्लई मुनियान कोविल थिडल से गंधर्वकोट्टई बस स्टैंड तक रोड शो किया।

## हुमायूं टीएमसी का एजेंट, भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी : शाह



गंगरामपुर (प.बंगाल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का समाधान करेगी। अमित शाह ने उत्तरी बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के 'एजेंट' हैं और वह उनकी सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं। 'भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी।' शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। 'भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट राज का खात्मा किया जाएगा और घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा।' शाह ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया कि उत्तरी बंगाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , 600 बिस्तर के कैंसर अस्पताल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , भारतीय प्रबंधन संस्थान और खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा और दार्जिलिंग में एक पारिस्थितिकी अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### कालियागंज के रोड शो में दिखाई ताकत

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिण दिनाजपुर के कालियागंज में रोड शो किया। इस दौरान रोड शो में भारी संख्या में समर्थकों और स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी। अमित शाह के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थानीय उम्मीदवार भी मौजूद थे।

### बंगाल में चुनाव के लिए मैदान में 2,926 उम्मीदवार

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। चुनाव दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को 152 सीटों (1,478 उम्मीदवार) पर होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को 142 सीटों (1,448 उम्मीदवार) पर किया जाएगा। चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित होंगे। आयोग ने इस बार ईवीएम के बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो लगाने का निर्देश दिया है ताकि मतदाता आसानी से अपने प्रतिनिधि को पहचान सकें।

### बीजेपी पर भड़के मुख्यमंत्री स्टालिन केंद्र सरकार को दी चेतावनी



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इस समय मैं केंद्र की बीजेपी सरकार और पीएम मोदी से कुछ अहम बात कहना चाहता हूं। आने वाले संसदीय सत्र में हमारे सांसद हिस्सा लेंगे। लेकिन अगर ऐसा कुछ भी किया जाता है, जिससे तमिलनाडु को नुकसान पहुंचे, या उत्तरी राज्यों की राजनीतिक ताकत जरूरत से ज्यादा बढ़ जाए, तो हम तमिलनाडु के लोग चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पूरी तरह से ठप हो जाएगा. स्टालिन ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है।

### स्टालिन के लिए वोट मांगेंगे केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तमिलनाडु के दौरे पर जा रहे हैं। वे 20 अप्रैल को वहां पहुंचेंगे। केजरीवाल वहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक (डीएमके) के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। वे 20 और 21 अप्रैल को होने वाली चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे जनता से गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करेंगे।









# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026


## हाइवा-ट्रक की भीषण टक्कर, 3 की मौत



नवापारा-राजिम। नवापारा शहर से चंद किलोमीटर दूर अभनपुर-रायपुर मार्ग पर सोमवार को आधी रात बाद तेज रफ्तार हाईवा और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज करीब 2 किलोमीटर के दायरे तक सुनी गई। दुर्घटना में हाइवा चालक और हेल्पर की घटना ⏭|शेष पेज 6 पर

## वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बड़ा हादसा, घायलों का अस्पतालों में चल रहा इलाज, कई गंभीर

### सुरक्षा पर सवाल, विधायक यादव ने किया प्रदर्शन



# बॉयलर ब्लास्ट

## 12 की मौत

## 50 से ज्यादा घायल

### चार की मौके पर मौत, 8 ने अस्पताल में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭| जांजगीर -चांपा/ रायगढ़

सक्ती जिले के सिंघीतराई में संचालित वेदांता थर्मल पॉवर प्लांट में मंगलवार को बॉयलर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 4 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान 8 ने दम तोड़ दिया। भीषण हादसे में 50 से अधिक श्रमिक घायल हुए हैं। इनमें से कई गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना के बाद से प्लांट और अस्पतालों में अफरा तफरी मची हुई है।

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता लिमिटेड थर्मल पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को भीषण हादसा हो गया। प्लांट के बॉयलर में दोपहर करीब 2 बजे अचानक विस्फोट हुआ, जिसके बाद धुएं का गुबार फैल गया। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हादसे के समय बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के श्रमिक घबरा गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भीषण हादसे में मौके पर ही 4 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं 5 मजदूरों ने रायगढ़ के जिंदल अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ⏭|शेष पेज 6 पर





### पीएम ने जताई सहानुभूति राहत कोष से दो-दो लाख

### राहत और बचाव कार्य जारी : एसपी

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। घायलों को तेजी से अस्पताल पहुंचाया जा रहा है और स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राहत एवं उपचार कार्यों में किसी प्रकार की कमी न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड में रखते हुए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

### खरसिया व रायगढ़ अस्पताल में चल रहा इलाज

बॉयलर हादसे में घायल मजदूरों को उपचार के लिए तत्कालिक तौर पर खरसिया और रायगढ़ के जिंदल अस्पताल ले जाया गया। खरसिया में 11 घायल श्रमिकों का इलाज किया जा रहा है, जबकि जिंदल में 18 लोगों को भर्ती किया गया है इसके अलावा तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है जबकि 6 लोगों को बिलासपुर भेजने की जानकारी मिली है। यहाँ अस्पतालों में आईसीयू में जगह कम पड़ गई। मरीजों को कहां शिफ्ट किया जाए इसी बात को लेकर आफत की स्थिति है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि मृतक प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### बेहतर पचार की कोशिश

पावर प्लांट के प्रवक्ता ने कहा कि 14 अप्रैल को दोपहर प्लांट की बायलर यूनिट में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी शामिल थे, जो इस यूनिट का संचालन और रखरखाव करते हैं। हमारी तत्काल प्राथमिकता सभी लोगों को सर्वोत्तम संभव इलाज सुनिश्चित कराना है। घायलों का पूरा सहयोग किया जा रहा है।



### सीएम ने जताई संवेदना, मृतकों के परिजनों को पांच -पांच लाख



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि घटना की जांच होगी और जो भी दोषी होगा, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी घायलों के समुचित एवं निःशुल्क उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।*

*इस घटना ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इधर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव भी घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। विधायक ने प्लांट प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अपने समर्थकों के साथ प्लांट के गेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन किया।*

### कलेक्टर ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण दुर्घटना की जांच के लिए कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और एस पी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा एम्बुलेंस, चिकित्सा दल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों को तत्काल सक्रिय करते हुए घायलों को प्राथमिकता के आधार पर अस्पताल पहुंचाया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर द्वारा मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि दुर्घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।




## चिंतन

# बिहार : भाजपा के सामने बेहतर करने की चुनौती

बिहार में आखिरकार वह चिर अभिलषित क्षण आ ही गया, जब भाजपा पहली बार सत्ता की कुर्सी संभालने जा रही है। यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के लिए चुनौती खुद नीतीश कुमार ही होंगे, क्योंकि नीतीश ने पिछले 20 सालों में बिहार को जिस जंगलराज से निकाला और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया, वह भाजपा को लगातार चुनौती देता रहेगा। अब तक नीतीश के काम की तुलना लालू के जंगलराज से होती रही है और उनका थोड़ा सा काम ही बहुत आगे दिखता था, लेकिन अब भाजपा के काम की तुलना नीतीश के सुशासन से होगी। इसलिए अब भाजपा के सामने अच्छे को और बेहतर करने की चुनौती होगी। वहीं, जातिगत समीकरण खासकर कुर्मी समुदाय को साधना सबसे बड़ी चुनौती होगी। देखा जाए तो बिहार की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सत्ता की बागडोर संभालने जा रही है और सम्राट चौधरी के रूप में नया नेतृत्व सामने है। यह क्षण सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव के बदलने का भी है। अब तक भाजपा सहयोगी की भूमिका में थी, लेकिन अब उसे नेतृत्व करना है और यही उसकी सबसे बड़ी परीक्षा भी होगी। सबसे अहम बात यह है कि भाजपा की असली चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की विरासत है। भाजपा के सामने अब 'कम बुरा' नहीं, बल्कि 'बेहतर से भी बेहतर' साबित करने की चुनौती है। नीतीश कुमार के इस्तीफे और नई सरकार को समर्थन देने के बयान ने राजनीतिक संक्रमण को सहज बना दिया है, लेकिन इससे भाजपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सहयोगी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा में अपेक्षाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। अब जनता सिर्फ स्थिरता नहीं, बल्कि तेज़ और दिखने वाला विकास चाहती है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक निरंतरता और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की होगी। बिहार जैसे राज्य में जहां अभी भी बुनियादी ढांचे, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम बाकी हैं, वहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। एक और अहम पहलू है राजनीतिक परिपक्वता। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार की राजनीति केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और जमीनी संवेदनशीलता से भी संचालित होती है। यहां हर निर्णय का असर व्यापक सामाजिक ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में जल्दबाजी या अति-आत्मविश्वास नुकसानदेह हो सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्य के तालमेल का फायदा उठाने का यह उपयुक्त समय है। अगर सही रणनीति अपनाई जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बिहार नई छलांग लगा सकता है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता भी जरूरी होगी। इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि अब तुलना 'जंगलराज बनाम सुशासन' से आगे बढ़कर 'सुशासन बनाम बेहतर सुशासन' की होगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। अंततः, यह बदलाव भाजपा के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि वह अपनी नीतियों और नेतृत्व को साबित कर सके और परीक्षा इसलिए कि उसे पहले से स्थापित मानकों से ऊपर उठकर दिखाना होगा। अगर भाजपा इस कसौटी पर खरी उतरती है, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि बिहार के लिए भी एक नए युग की शुरुआत होगी। अगर वह अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो यही ऐतिहासिक मौका एक बड़ी राजनीतिक चुनौती में बदल सकता है।



चिकित्सा सेवा
जेपी नड्डा

# नवाचार की ओर बढ़ती औषधि रणनीति

लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है। लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटीबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है।

अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक



प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपायजीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।

सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगतिऔर बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न,विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जनगणना

रमेश जायभाये



# 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी- जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण-देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है-एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज़ में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो-और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

***कहानी शुरू होती है इतिहास से :*** भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी-पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

***अब आपकी बारीः खुद करें अपनी जनगणना !***- इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है-स्व-गणना (**Self-Enumeration**)।

अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच **https://se.census.gov.in** पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक **SE ID** प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह **ID** दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी-यानी बार-बार जानकारी देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है- देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।


***स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया :*** इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज़ और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक **GIS** आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है।

इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है-यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

***छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी :*** छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जहां किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इस पूरे अभियान की असली ताकत है-आपकी भागीदारी। जब आप सही जानकारी देते हैं, तो आप केवल एक फॉर्म नहीं भरते, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। आपकी दी गई जानकारी से ही तय होता है कि कहां नई सड़क बनेगी, कहाँ स्कूल खुलेगा और कहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है।

*-उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय*


## क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# नेपाल में नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ



नेपाल में मंगलवार को विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बैसाख 1, जिसे बैसाख संक्रांति भी कहा जाता है, विक्रम संवत (बीएस) कैलेंडर के वर्ष परिवर्तन का प्रतीक है, जो सौर गति पर आधारित सबसे प्राचीन कैलेंडरों में से एक है। इस अवसर पर लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र ने कहा, 'नव वर्ष 2083 के शुभारंभ के अवसर पर मैं सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं।' राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अपने नव वर्ष संदेश में देश के लोगों से साझा राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। 'हिमालयन टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से नव वर्ष का उपयोग सकारात्मक सोच, अनुशासन और भाईचारे को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में करने का आग्रह किया।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियां विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

## ट्रेंड

### बिहार का विकास



सम्राट चौधरी के बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास का संकल्प और मजबूत होगा।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### अधिकारों का हनन



डॉ. आंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना भी दिया। आज कुछ ताकतें उनकी विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने के लिए सुनियोजित रूप से काम कर रही हैं, अधिकारों का हनन हो रहा है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### वाटर एटीएम



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में आज शुरू किए गए इन वाटर एटीएम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगी। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 20 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### आंबेडकर ई-पुस्तकालय



राज्य के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 200 आंबेडकर ई-पुस्तकालयों और जयपुर में आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। यह पहल हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।

- **भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
बुधवार 15 अप्रैल 2026
बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष: 26, अंक: 24
पृष्ठ : 12+6 =18, मूल्य: 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 41.2
न्यून. 26.9

## 30 अप्रैल तक स्व-गणना में मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से ऑनलाइन भर सकेंगे

# घर की छत, कमरे, टॉयलेट से लेकर दाना-पानी का तैयार रखिए ब्योरा, कल से ऑनलाइन दे सकेंगे 33 सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

देश में इस बार की जनगणना में स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमरेशन) की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है। जनगणना 16 अप्रैल से ऑनलाइन शुरू होगी। अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 से 30 अप्रैल के बीच एसई-सेंसस के पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की ▶▶|शेष पेज 6 पर



### यह पूरी तरह से डिजिटल होगी

पहले चरण में 1 से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस चरण में मकान से जुड़ी जानकारियों के अलावा, पानी, बिजली, शौचालय, रसोई गैस और इंटरनेट जैसी सुविधाओं की जानकारी भी दर्ज की जाएगी। बताया गया है कि इससे प्रदेश की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। वहीं यह जनगणना बहुत ही खास मानी जा रही है, क्योंकि यह पूरी तरह से डिजिटल होगी। पहली बार डेटा मोबाइल के माध्यम से दर्ज किया जाएगा, इसकी निगरानी भी डिजिटल सिस्टम से की जाएगी। यह जानकारी 33 सवालों के माध्यम से लिए जाएंगे।

### 1 से 30 मई तक सर्वेयर घर-घर जाएंगे

जनगणना के लिए 62 हजार 5 सौ अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्व-गणना के दौरान एक आईडी जनरेट होगा, जिसे सर्वेयर को दिखाना होगा। स्व-गणना ऐच्छिक है, अनिवार्य नहीं है।

## जनगणना लिए पूछे जाएंगे ये 33 सवाल

### मकान से जुड़े सवाल

- भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर)
- जनगणना मकान नंबर
- मकान के फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- मकान के छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- मकान का उपयोग (रहने, दुकान आदि)
- मकान की हालत कैसी है

### परिवार से जुड़े सवाल

- घर का नंबर (परिवार के लिए)
- कुल कितने लोग रहते हैं
- परिवार के मुखिया का नाम
- मुखिया का लिंग (पुरुष/महिला/थर्ड जेंडर)
- मुखिया किस वर्ग से है (एससी/एसटी/अन्य)
- मकान के स्वामित्व की स्थिति
- परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या
- परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या

### सुविधा से जुड़े सवाल

- पेयजल का मुख्य स्रोत
- पेयजल स्रोत की उपलब्धता
- प्रकाश का मुख्य स्रोत
- शौचालय की सुलभता
- शौचालय का प्रकार
- गंदे पानी की निकासी
- स्नानगृह की उपलब्धता
- रसोईघर और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता
- खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन

### डिजिटल और सामान से जुड़े सवाल

- रेडियो/ट्रांजिस्टर
- टीवी
- इंटरनेट सुविधा
- लैपटॉप/कंप्यूटर
- मोबाइल/फोन

### वाहन और अन्य जानकारी

- साइकिल/स्कूटर/बाइक
- कार/जीप/वैन
- परिवार कौन सा अनाज ज्यादा खाता है
- मोबाइल नंबर (सिर्फ जनगणना के लिए)

## बिहार के इतिहास में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री

# चौधरी होंगे बिहार के नए 'सम्राट'

भाजपा पहली बार बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें पहले भाजपा फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट चौधरी राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। 15 अप्रैल को लोकभवन में सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना

बिहार में मंगलवार को सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से पहले भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया है कि बिहार में बनने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की नई सरकार में सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के रूप में कमान संभालेंगे। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि निवर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सम्राट चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन निवर्तमान मंत्री दिलीप जायसवाल और मंगल पांडेय ने किया। विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त चौहान ने बताया कि इसके बाद उपस्थित सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से चौधरी को अपना नेता चुन लिया। अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन विधायक दल की बैठक होगी जिसमें चौधरी के नाम पर औपचारिक मुहर लगेगी।

- सम्राट चौधरी ने पेश किया सरकार बनाने का दावा
- आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह

तारापुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक चौधरी ने नेता चुने जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नीतीश ने लिखा अब नई सरकार देखेगी कामकाज

आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।

### सम्राट के प्रस्तावक बने नीतीश

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट चौधरी के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।



### चौधरी बोले- समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है...


सम्राट चौधरी ने कहा कि जब से राजनीति में आया तब से नीतीश कुमार का मार्गदर्शन मिलता रहा। 30 साल उनसे संबंध है। कुछ खट्टे मीठे संबंध भी रहे लेकिन सबकुछ ठीक रहा। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मुझ पर विश्वास जताते हुए भाजपा के विधान मंडल का दायित्व सौंपने पर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। देश के प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में बिहार को विकास, सुशासन और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।

### सम्राट चौधरी तोड़ेंगे 56 साल पुराना रिकॉर्ड

*सम्राट चौधरी सीएम बनते ही अपशकुनी मान्यता से जुड़ा 56 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे, जो यह धारणा बनाता था कि जो डिप्टी सीएम बन जाता है, वो कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाता। सम्राट इसी के साथ समाजवादी नेता भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की भी बराबरी कर लेंगे, क्योंकि कर्पूरी ठाकुर वह आखिरी डिप्टी सीएम हैं, जिन्हें 56 साल पहले पहली बार सीएम बनने का मौका मिला था। बिहार में कर्पूरी ठाकुर के बाद 56 साल से कोई उप-मुख्यमंत्री कभी मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंच पाया। कर्पूरी ठाकुर 1967 में पहली बार सोशलिस्ट पार्टी की महामाया प्रसाद सिन्हा सरकार में डिप्टी सीएम बने थे। लगभग एक साल तक वह उप-मुख्यमंत्री पद पर रहे। 1970 में कर्पूरी ठाकुर पहली बार सीएम बने और सरकार लगभग छह महीने चली। इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनता पार्टी की सरकार बनी तो कर्पूरी 1977 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।*

## ईरान-अमेरिका में सुलह कराएंगे मैक्रों!

# होर्मुज संकट टालने के लिए फ्रांस ने संभाला मोर्चा, पेरिस में बैठक



एजेंसी ▶▶| तेहरान

होर्मुज में अमेरिकी नौसेना की घेराबंदी के बीच फ्रांस ने मध्यस्थता तेज कर दी है। राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्रंप और पेजेशकियान से बात कर 'इस्लामाबाद वार्ता' को फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। ईरान ने लेबनान में संघर्षविराम की शर्त रखी है, जबकि ट्रंप का फोकस ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने पर है। शुक्रवार को पेरिस में होने वाली बैठक इस संकट का समाधान निकालने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

- तेहरान बातचीत की मेज पर लौटने को तैयार

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक राजनयिक मध्यस्थ के रूप में अपनी भूमिका को तेज कर दिया है। उन्होंने दोनों देशों के बीच रुकी हुई शांति वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ अलग-अलग बातचीत की है। यह राजनयिक प्रयास ऐसे समय में हो रहा है, जब होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। वर्तमान में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी लागू है।

### पीएम मोदी ने ट्रंप से की बात

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर बातचीत की है। दोनों के बीच 40 मिनट तक बातचीत हुई। ईरान युद्ध के दौरान यह दूसरी बार है जब पीएम मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है।*

### मैक्रों की 'त्रि-स्तरीय' शांति योजना

*मैक्रों का लक्ष्य इस्लामाबाद में नाकाम रही शांति वार्ता को फिर से शुरू करना है। उन्होंने एक तीन-सूत्रीय प्रस्ताव रखा है। इसके तहत, लेबनान सहित पूरे क्षेत्र में पूर्ण संघर्षविराम। बिना किसी शर्त और टैक्स के होर्मुज को दोबारा खोलना। फ्रांस और ब्रिटेन की अगुवाई में एक 'रक्षात्मक मिशन' की शुरुआत, जो समुद्र में जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित बनाएगा।*

### फ्रांस शांति और होर्मुज स्ट्रेट खोलने का बना रहा दबाव

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और मध्य-पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए दोनों देशों पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने बिना किसी नियंत्रण या शुल्क के होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की आवश्यकता पर जोर दिया। फ्रांस और ब्रिटेन शुक्रवार को होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए एक बहुपक्षीय मिशन पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

# नक्सली जुल्म के सामने झुके नहीं, बस्तर फाइटर्स में शामिल हुए, पैर खोया पर आज बेहद खुश

नक्सलवाद के समाप्त होने और इलाके में शांति के बाद अब सब कुछ अच्छा लग रहा



**6 भाग**
**घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी**

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी के छठे भाग में हम बता रहे हैं सुकमा जिले में बस्तर फाइटर्स में पदस्थ एक ऐसे जांबाज पोड़ियाम विनोद की वीरता, त्याग और अटूट संकल्प की कहानी, जिसने नक्सली जुल्म से हार नहीं मानी, बल्कि नक्सलवाद के सफाए में जुट गए। आज भले ही उन्होंने एक पैर खो दिया लेकिन नक्सलवाद के खात्मे से सबसे ज्यादा खुश होने ▶▶|शेष पेज 6 पर




### पेड़ की जड़ में प्लांट किया गया था आईईडी

विनोद ने बताया कि रविवार 24 नवम्बर 2024 को सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में बने न्यू कैम्प तुमालपाड़ से रायगुड़ा की ओर बन रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान उनकी रोड कॉरिडोर प्रोटेक्शन ड्यूटी लगी थी। टीम के साथ वे सुबह 7 बजे तुमालपाड़ से लगभग 5 किमी दूर रायगुड़ा पहुंचे थे। लगभग 11 बजे चिन्नाबोडेल जंगल पहाड़ी की ओर से वह टीम के साथ भोजन करने रोड की ओर आ रहे थे, तभी नक्सलियों द्वारा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नक्सलमुक्त होने के बाद अब इलाके में खुशी

विनोद ने बताया कि एक समय था जब वे अपने गांव चिंतागुफा दिन में भी नहीं जा पाते थे। अब नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद वे अपने गांव आने जाने लगे हैं। वर्तमान में माता पिता चिंतागुफा में ही रहकर खेती किसानी कर रहे हैं तथा भाई व बहन उनके तथा बड़े भाई के साथ ही रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। नक्सलमुक्त होने के बाद इलाके में शांति है। वे कहते हैं कि इससे बड़ी खुशी की बात और कुछ हो ही नहीं सकती है। विनोद ने बताया कि वर्तमान में वे पुलिस लाइन सुकमा में ड्यूटी कर रहे हैं तथा शासन प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है जिससे वे तथा उनका परिवार खुश है।





ऐतिहासिक

किशोर कुमार अग्रवाल

# बीसवीं शताब्दी का छत्तीसगढ़



सन 1903 में मध्य प्रान्त के साथ बरार को सम्बद्ध किए जाने का यहां की राजनीतिक परिदृश्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा। इस समय नेताओं के लोकमान्य तिलक से संपर्क होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में भी आंदोलन जोर पकड़ने लगा। उन्हें स्वाभाविक रूप से उग्र राष्ट्रीयता में अपनी मुक्ति का मार्ग दिखाई दिया, और ब्रिटिश शासन के प्रति फैले असंतोष को प्रदर्शित करने का अच्छा अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि इसी परिषद के 1907 में रायपुर में हुए तृतीय सम्मेलन में दो विपरीत विचार वाले दल के बीच जो फूट पड़ी उसका व्यापक स्वरुप सूरत की कांग्रेस अधिवेशन में भी देखने को मिला। 1907 में ही छत्तीसगढ़ के माधवराव सप्रे द्वारा नागपुर में हिन्दी केसरी समाचार पत्र का प्रकाशन करना भी यह सिद्ध करता है कि धीरे धीरे प्रान्त की राजनीति में इस क्षेत्र का नेतृत्व स्वीकार किया जाने लगा था।

लोक साहित्य

सरला शर्मा

## हिन्दी काव्य म छत्तीसगढ़



साहित्य सृजन ह सतत प्रवाहमान प्रक्रिया आय। ए प्रक्रिया म कभू कोनो अंचल विशेष बर लिखे उदगार कोती धियान जाना ह बहुत सहज बात आय। फेर विषय वस्तु के विविधता मन ए साहित्य के धारा म उठत आनी बानी के तरंग हिलोर आय। हिन्दी काव्य म छत्तीसगढ़ी के पुट देखन। आदि कवि बाल्मीकि अपन रामायन म छत्तीसगढ़ के वर्णन करे हवय। दण्डकारण, महाकांतार कहि के जउन लिखे हवय उही ह तो आज के बस्तर के जंगल आय। तुरतरिया के आश्रम म तो मर्यादा पुरुसोत्तम राम के गोसाइन सीता संग लइका लव कुश मन रहत रिहिस। कवि कुल शिरोमणि कालिदास के यक्ष जौन पहाड़ के उचई म बईठे अलकापुरी म रहैया अप्सरा ल अपन जीव के हाल सुनाए बर मेघदूत भेजे रिहिस। ए प्रसंग म प्रकृति चित्रण म छत्तीसगढ़ के रुख राई, नदिया पहाड़ के वर्णन मिलथे।

{ पुस्तक समीक्षा }

## गुरु-गियान; दरपन देखावत लघुकथा




कृति के नाव
गुरु-गियान; दरपन देखावत लघुकथा

कृतिकार
बालकृष्ण गुप्ता 'गुरु'

प्रकाशक
सर्वप्रिय प्रकाशन

समीक्षक
सम्यक देवांगन

मूल्य
200 रुपये

वरिष्ठ साहित्यकार बालकृष्ण गुप्ता 'गुरु' के छत्तीसगढ़ी लघुकथा संग्रह 'गुरु-गियान; दरपन देखावत लघुकथा' ह हमर समाज अउ आज के जुग के अइसन सच ल देखाथे, जेला हम देख के घलो अनदेखा कर देथन। उंखर लेखनी हा पाठक ल सोचे बर मजबूर कर देथे। जइसे कि किताब मा 'पीरा' नाम के नानकुन कहनी ह हियरा ल कंपा देथे। एक कोति पांच हजार में बिकाय बकरा हे जेला एक बार हलाल होना हे, अउ दूसर कोति पांच हजार में दलाल मन के हाथ बिकाय गरीब किसान के माई लोगन हे, जेला जिनगी भर हलाल होना हे। ये कहानी हमर समाज के आर्थिक अउ सामाजिक बेबसी के बड़ कड़क दरपन हे। 'गुलाब' नाम के छोटकिन कहनी हमर मन के ओ खोट ल देखाथे जहां सफाई के मतलब सिरिफ अपन कचरा ल दूसर के कोति फेंक देना होथे। ये हमर सोच के गंदगी ल उघारथे। 'ठोकर' लघु कहनी माई-बाबू के सेवा अउ ममता के मर्म ल बताथे। एक बेटा ह अपन महतारी के सेवा बर नौकरी छोड़ देथे, अउ ओकर ये त्याग ह ओकर अधिकारी के घलो आंखी खोल देथे। ये कहानी संस्कार अउ कर्तव्य के बोध कराथे। अइसने 'परिवार' लघुकथा सिखोथे कि परिवार के मतलब सिरिफ संग रहना नई हे, बल्कि सुख-दुख में एक-दूसर के साथ देना अउ सामंजस्य बना के रखना आय। 'सार्थकता' ह एक चट्टान के माध्यम ले जिनगी के सही अर्थ ल समझाथे।

हिंदी अउ छत्तीसगढ़ी म पौने दू कोरी ले ज्यादा किताब लिखने वाला डॉ. यादव हा 'गुरु-ज्ञान' (हिंदी) के सुग्घर उल्था करे हें।

मध्यम वर्ग के मनखे मन ल रोज जेन तकलीफ अउ राजनीति ले गुजरना परथे, ओकर बड़ सुग्घर चित्रन 'गुरु' ह अपन कलम ले करे हें। ए किताब ला हर ओ मनखे ल पढ़ना चाही जउन साहित्य में समाज के असली चेहरा ल देखना चाहथे।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

# भील समुदाय में मृतक स्तम्भ की विशेषता

धरोहर

डा. नीलिमा गुप्ता






आदिवासी अंचल में भील समुदाय के लोग किसी खास व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके सम्मान में स्मारक बनाने की प्रथा प्रचलित है, जिसे गाया, गाता या गातला कहा जाता है। इनके द्वारा निर्मित काष काष्ठ तथा पाषाण गाथा के अवशेष आज भी प्राप्त होते हैं। पहले लकड़ी के गाथा बनाते थे, किंतु आजकल पत्थर के गाथा बनाए जाते हैं जो अधिक टिकाऊ होते हैं। राजसी वेशभूषा में खड़े वीर पुरुष की मुख्य आकृति में उसे घुटना झुकाए, म्यान से तलवार या बंदूक से अज्ञात वस्तु पर निशाना लगाते, कमर में तलवार लटके खड़ा बनाया जाता है। स्त्री के स्मृति स्तम्भ को सती कहा जाता है। स्त्री के लिए काले पत्थर का सादी ही बनाते हैं। कुंवारी सती में केवल एक स्त्री तथा विवाहित स्त्री के साथ उसके बच्चे भी बनाए जाते हैं। कभी कभी अकाल मृत्यु के कारणों के अनुसार भी मृतक स्तम्भ बनाए जाते हैं।

स्मृति गाथा स्तम्भ भील जीवन एवं संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। आनुष्ठानिक क्रिया विधियों, मिथकीय पराभौतिक शक्तियों से परिपूर्ण गाथा लौकिक जीवित मानवों और पारलौकिक आत्माओं के बीच सेतु का निर्माण कर एक तादातम्य स्थापित करता है।

पर्यटन : डा. डी. पी. देशमुख

# खूबसूरत एवं मनोरम प्राकृतिक जलप्रपात देवधारा



जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 80 कि.मी.दूरी पर मैनपुर विकासखंड के कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत में स्थित देवधारा जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य एवं सुकून-शांति का अद्भुत स्थल है। इंद्रावन नदी पर स्थित यह जलप्रपात दो पहाड़ी के चट्टानों के बीच से 70 फुट की ऊंचाई से जलधारा के रूप में नीचे गिरती है तब यहां विहंगम दृश्य देखने को मिलता है। दुर्गम उदंती अभ्यारण्य के बीहड़ जंगल क्षेत्र स्थित यह खूबसूरत स्थल प्रकृति के बीच शांति, सुंदरता व सुकून का मनमोहक स्थल है। यात्रा के दौरान रास्ते भर साजा, बीजा, लेंडिया, हल्दू, सरई जैसे पेड़ और हरे-भरे जंगल पर्यटकों का मन मोह लेते हैं।यह क्षेत्र राजकीय पशु वनवासी वनभैंसों के लिए भी विख्यात है। प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरती यह जलप्रपात इंद्रावन नदी की धारा फुटकर जब चट्टानों पर गिरती है तब सम्पूर्ण दृश्य मानों प्राकृतिक चित्रकला का अहसास होता है जो न केवल आंखों को सुकून देता है बल्कि दिल और आत्मा को भी तरोताजा कर देता है। नदी के ऊपर भाई दाहरा, हाथ दाहरा, नागरशील और कई रमणीक सरोवर है,जहां वर्ष भर भरपूर पानी भरा रहता है। धार्मिक रूप से भी यह महत्वपूर्ण स्थल है। विभिन्न पर्व विशेष पर यहां लगने वाला मेला श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है।

सुरता

डा. सुनीत रमेन्द्र मिश्र

## सुगघर सुरता देवाथे रायपुर के डे भवन

हमर रायपुर शहर म एक ले बढ़ के एक योग्यता वाले रहिन हे, जउन देश दुनिया म नाव कमइन। भूतनाथ डे शहर के पहिली सियान वकील अउ नगर पालिका के सभापति रहिन। उकरे घर म दू बछर तक नरेंद्रनाथ दत्त ( विवेकानंद) के माता पिता, भाई बहिनी मन रिहिन। इहि च हरिनाथ डे जी के भाषा साहित्य म बड़ नाव रिहिस। उन छत्तीस भाषा के जानकार रिहिन। अउ तैतीस बछर के उमर म जर बुखार आय ले उनकर इंतकाल होगे। वोमन ढाका विश्वविद्यालय म प्रोफेसर रिहिन। अउ राष्ट्रीय ग्रन्थागार कलकत्ता म पहिली हिंदुस्तानी ग्रन्थपाल रिहिन। लार्ड कर्जन तक उकर तारीफ करे रिहिन। डे भवन बुढ़ापारा आज हमला सब जुन्ना बात के सुरता देवात दिखत हवय। एहा 1877 के बात आय। अइसन अउ कतको सुरता हमर रायपुर शहर ह देवात हवय जेन ह हमर बर गरब के बात आय।



शैलचित्र : डा. अर्चना पाठक

# अंचल के शिलाखंडों में प्रसिद्ध चित्रांकन





शिलाचित्रों के दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ एक विश्व प्रसिद्ध क्षेत्र है। रायगढ़ से लगभग 10 मील की दूरी पर कबरा पहाड़ आग्नेय कोण में स्थित है। यहां की सारी चित्रकारी लाल रंग से हुई है। वैज्ञानिक एवं पुरावेत्ताओं के मतानुसार प्रागैतिहासिक कालीन मानव पहाड़ों और गुफाओं में रहते थे। वे वन प्रदेश में जानवरों का शिकार कर तथा कंद मूल खाकर अपना जीवन यापन करते थे। इन गुफा मानवों को चित्रकला का प्रारंभिक ज्ञान व रंगों की जानकारी थी, जिसका उपयोग कर चट्टानों पर चित्र खिंचा करते थे। चट्टानों की भित्तियों पर बनाए गए विभिन्न शिकार जन्य परिस्थितियों पर आधारित यह भित्ति चित्र इनके जीवन के प्रतिबिम्ब थे। तत्कालीन भित्तिचित्रों में घड़ियाल, सांभर तथा अन्य पशुओं के साथ साथ पंक्ति बद्ध मनुष्यों के नृत्यरत चित्र भी दिखाई देते हैं। जंगलों से घिरे पर्वतों और चट्टानों पर प्राचीन काल के मानव की चित्रकला के अवशेष यत्र तत्र प्राप्त होते रहते हैं। यह सभी शैलचित्र बीस हजार से पचास हजार वर्ष से भी पहले के अनुमान लगाए जा रहे हैं।

# तमिलनाडु, केरल की तरह छत्तीसगढ़ में भी हाथियों से निपटने अब लगेंगे एआई बेस्ड कैमरे

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में बरसों बरस से जंगली हाथियों के हमले झेल रहे राज्य के लोगों को अब एआई के जरिए राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल तमिलनाडु और केरल की तरह यहां भी एआई आधारित कैमरे लगाने की तैयारी है। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही हाथी आएंगे, उसका तेज आवाज का अलार्म बजना शुरू होगा और हाथियों को भागना पड़ेगा। यही नहीं, एक नए प्रयोग के तौर पर अब हैंगिंग फैंसिंग लगाने की तैयारी भी है, इससे फैंसिंग से टच होते ही हाथी को करंट का झटका लगेगा। यह उपाय भी हाथियों से लोगों की सुरक्षा करेगा।

राज्य में पिछले कई बरसों से जंगली हाथियों की आमद और उनके हमले बढ़े हैं। वन विभाग के अनुमान के मुताबिक प्रभावित जिलों में करीब 400 हाथियों के दल यहां वहां भ्रमण कर रहे हैं। इन हाथियों के हमले से बड़ी संख्या में जनहानि, फसल हानि और लोगों के कच्चे घर नेस्तनाबूद हो चुके हैं। राज्य में सबसे अधिक हाथी प्रभावित वन मंडलों में रायगढ़, धरमजयगढ़, कोरबा, कटघोरा, सूरजपुर, जशपुर प्रभावित हैं। इनके साथ ही धमतरी और गरियाबंद क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड आ जाते हैं और खतरा पैदा करते हैं। राज्य शासन का वन विभाग हाथियों के हमलों से लोगों



को बचाने के लिए लंबे समय से कोई न कोई उपाय जुटाने की कोशिश में रहता है, इस क्रम में कई तरीके अपनाने के बाद अब हाथी प्रभावित राज्यों तमिलनाडु और केरल की तर्ज पर यहां भी प्रयोग करने की तैयारी है। बताया गया है कि इस सिलसिले में एआई आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी है। यह सिस्टम इस तरह काम करेगा कि जैसे ही जंगली हाथी लाइट के रेंज में आएंगे, सिस्टम से अलार्म बजना शुरु होगा। इसकी आवाज सुनकर ही हाथी भागने लगेंगे। इसी तरह एक और नया प्रयोग भी करने की तैयारी है। सोलर आधारित हैंगिग ( झूलती हुई) फैंसिंग लगाई जाएगी। यह फैंसिंग जैसे ही हाथी से टकराएगी, हाथी को करंट का झटका लगेगा जो हाथी को भागने पर मजबूर कर देगा।

### 'गजसंकेत' ऐप से मानव-हाथी संघर्ष में बड़ी कमी

इन प्रयोगों से पहले वन विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा विकसित 'गजसंकेत' ऐप प्रभावी साबित हो रहा है। इस तकनीक आधारित पहल से गांवों में समय रहते अलर्ट पहुंचने लगे हैं, जिससे जनहानि और फसल नुकसान में उल्लेखनीय कमी आई है। यह ऐप विशेष रूप से गरियाबंद और धमतरी जिलों में शुरू किया गया, जिसे बाद में पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। ऐप के जरिए हाथियों के झुंड की गतिविधियों को ट्रैक कर आसपास के 10 किलोमीटर दायरे में रहने वाले ग्रामीणों को रियल-टाइम वॉयस कॉल, एसएमएस और व्हाट्सऐप के माध्यम से अलर्ट भेजा जाता है।

### तीन साल के प्रयोग से कम हुए हमले

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन) अरुण कुमार पांड़ेय के मुताबिक पिछले तीन साल हाथियों के हमले कम करने के लिए किए गए प्रयोगों से सफलता मिली है। हर साल जहां 80 से अधिक संख्या में जनहानि होती थी, उसकी संख्या कम होकर 50 से 60 तक हो गई है। अब दो नए प्रयोग करने की तैयारी है।

# भाजपा संगठन को अगले माह नया प्रदेश प्रभारी मिलने की संभावना

## पहली बार कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच माह से प्रदेश के प्रभारी भी हैं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की नई कार्यकारिणी का ऐलान बंगाल चुनाव के बाद अगले माह होने की संभावना है। इसी के साथ यह भी तय है कि प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी भी मिलेगा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पांच माह से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास ही छत्तीसगढ़ का प्रभार भी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई टीम के साथ ही राज्यों के प्रदेश प्रभारी भी तय होंगे तो इसमें छत्तीसगढ़ को नया प्रदेश प्रभारी मिल जाएगा। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के



पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नबीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब श्री नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा।







SAATCHI & SAATCHI

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर शेयर व विदेशी मुद्रा बाजार रहे बंद

**मुंबई।** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शेयर, रुपया, जिंस और सर्राफा बाजार बंद रहे। गिफ्ट निफ्टी में कारोबार जारी रहा। विदेशी मुद्रा बाजार में कारोबार नहीं हुआ। रोज की तरह बुधवार को शेयर, मुद्रा, जिंस और सराफा बाजार खुले रहेंगे।

### स्टार एयर 25 अप्रैल से मुंद्रा के लिए शुरू करेगी उड़ानें

**मुंबई।** क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर ने 25 अप्रैल से गुजरात के बंदरगाह शहर मुंद्रा के लिए 38 साप्ताहिक सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। स्टार एयर ने कहा कि पश्चिमी एवं उत्तरी भारत के छह प्रमुख शहरों से मुंद्रा के लिए उड़ानें शुरू होने से हर महीने 17,000 से अधिक अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र में हवाई संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



### एलआईसी मौजूदा शेयर पर देगी एक बोनस शेयर

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रत्येक मौजूदा शेयर पर एक बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बोनस शेयर का निर्गम 31 दिसंबर, 2025 तक की संचित निधि और अधिशेष से 6,325 करोड़ रुपये का पूंजीकरण कर किया जाएगा।

### मंत्रालय का पोर्टल से रोजगार बढ़ाने दो कंपनियों से करार




**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से डिजिटल नौकरी मिलान को मजबूत करने के लिए पोर्टर और गिगिन टेक्नोलॉजीज के साथ शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पोर्टर से बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक्स और ड्राइविंग के अवसर पैदा होने की उम्मीद है और 2030 तक 30 लाख से अधिक अवसरों के सृजन का लक्ष्य है।

### जस्ट डायल का लाभ 37% घटकर 100 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 157.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.23 प्रतिशत बढ़कर 307.24 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 289.2 करोड़ रुपये थी।




### सिफी टेक्नोलॉजीज का घाटा कम होकर 36.1 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एकीकृत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) समाधान और सेवाएं देने वाली कंपनी सिफी टेक्नोलॉजीज का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में घाटा कम होकर 36.1 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी को 57.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी आय बढ़कर 1,202.5 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 969.9 करोड़ रुपये थी।




# भारत 2026 में बनेगा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार : एनएसईएफआई

## नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ने की भविष्यवाणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सालाना सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के मामले में 2026 तक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) ने बुधवार को यह बात कही। एनएसईएफआई के बयान के अनुसार, भारत ने मात्र 14 महीनों में 50 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़कर अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है और 150 गीगावाट का महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह तेज वृद्धि है। पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में 11 साल लगे थे। उसके बाद 100 गीगावाट तक पहुंचने में लगभग तीन साल लगे हैं।

### भारत का 2030 तक 500 गीगावाट उत्पादन का लक्ष्य

एनएसईएफआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुब्रह्मण्यम पुलिपाका ने कहा कि भारत के 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा 280 से 300 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। वर्तमान गति के साथ, भारत 50 गीगावाट की वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है, जो इस लक्ष्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।



### अलग से नीति लाने की मांग

पुलिपाका ने कहा वास्तव में, पीएम सूर्य घर जैसी पहल, आगामी पीएम कुसुम 2.0, 'फ्लोटिंग' सौर संयंत्र के लिए अलग से नीति और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी बढ़ती मांग के कारण, देश में सौर ऊर्जा क्षमता इन अनुमानों से कहीं अधिक बढ़ने की काफी संभावना है।

### दूसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा भारत

वैश्विक परिदृश्यों में बदलाव के बीच, एनएसईएफआई का अनुमान है कि भारत वार्षिक क्षमता स्थापित किये जाने के मामले में 2026 तक दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। एनएसईएफआई ने कहा कि वैश्विक रुझान अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों में क्षमता वृद्धि में संभावित नरमी का संकेत दे रहे हैं, जो वर्तमान में वार्षिक स्थापित क्षमता के मामले में दूसरे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पुलिपाका ने कहा कि इसके उलट, भारत नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में लगातार तेजी ला रहा है और प्रमुख लक्ष्यों को लगातार पार कर रहा है।

## उद्देश्य इस्पात उद्योग को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना

# सरकार ने निचले ग्रेड के लौह अयस्क की कीमत निर्धारण के नियमों में किया संशोधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने निम्न श्रेणी के लौह अयस्क के लिए मूल्य निर्धारण मानदंडों में संशोधन करने को नियमों में बदलाव की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम का उद्देश्य बर्बादी पर अंकुश लगाना और ऐसे भंडार के उपयोग को बढ़ाना है ताकि इस्पात उद्योग को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इससे निचले ग्रेड वाले संसाधनों को व्यवहार्य उपयोग में लाने की उम्मीद है जिससे उच्च ग्रेड के भंडार की कमी की समस्या का समाधान होगा और वैज्ञानिक खनन पद्धतियों के माध्यम से खनिज संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

- निचले ग्रेड वाले संसाधनों को उपयोग में लाने की उम्मीद बढ़ेगी

### बैंडेड हेमाटाइट निम्न श्रेणी का अयस्क

खनन मंत्रालय के अनुसार, यह संशोधन 45 प्रतिशत की सीमा से कम लौह (एफई) सामग्री वाले लौह अयस्क के मूल्य निर्धारण के लिए एक ढांचा प्रदान करता है जिसमें बीएचक्यू और बीएचजे भी शामिल हैं। बैंडेड हेमाटाइट क्वार्टजाइट और बैंडेड हेमाटाइट जैस्पर निम्न श्रेणी की 'प्रीकैम्ब्रियन' लौह-युक्त चट्टानें हैं जिन्हें अक्सर निम्न श्रेणी के अयस्क के रूप में माना जाता है।

**खास बातें**

- उच्च ग्रेड के भंडार की कमी की समस्या का समाधान होगा
- वैज्ञानिक खनन पद्धतियों से खनिज संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा



### प्रसंस्करण व परिशोधन प्रौद्योगिकी में प्रगति

किसी खनिज का सीमा मूल्य वह स्तर होता है जिसके नीचे खनन के बाद प्राप्त सामग्री को अपशिष्ट के रूप में छोड़ा दिया जाता है। प्रसंस्करण एवं परिशोधन (बेनीफिसिएशन) प्रौद्योगिकियों में प्रगति से बीएचक्यू तथा बीएचजे जैसे सीमा से नीचे के लौह अयस्क संसाधनों को उन्नत कर उच्च श्रेणी के अयस्क में बदलना संभव हो गया है, जो इस्पात उत्पादन के लिए कच्चे माल के रूप में उपयुक्त है।

### अलग मूल्य निर्धारण लागू नहीं था

मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए निम्न श्रेणी के अयस्क के परिशोधन को एक समर्पित नीतिगत ढांचे की आवश्यकता थी। इस संशोधन से पहले, ऐसे निम्न श्रेणी के अयस्कों के लिए कोई अलग मूल्य निर्धारण लागू नहीं था। मंत्रालय ने कहा, परिणामस्वरूप, उच्च श्रेणी के (45–51 प्रतिशत एफई) अयस्क का एएसपी ही रॉयल्टी और अन्य शुल्क निर्धारित करता था जिससे परिशोधन आर्थिक रूप से अव्यावहारिक हो जाता था। बयान के अनुसार, '' निम्न श्रेणी के संसाधनों को उपयोगी श्रेणी में लाने से उच्च श्रेणी के लौह अयस्क संसाधनों के क्षरण की चिंता दूर होगी और इस्पात उद्योग को खनिजों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### एएसपी प्रकाशन की पद्धति निर्धारित की गई

आधिकारिक बयान में कहा गया, '' खान मंत्रालय ने 10 अप्रैल, 2026 को 'खनिज (परमाणु एवं हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों को छोड़कर) रियायत (तृतीय संशोधन) नियम, 2026' अधिसूचित किए हैं जिनमें सीमा मूल्य से नीचे 'हेमाटाइट' लौह अयस्क के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) के प्रकाशन की पद्धति निर्धारित की गई है। इसमें 'बैंडेड हेमाटाइट क्वार्टजाइट '(बीएचक्यू) और 'बैंडेड हेमाटाइट जैस्पर' (बीएचजे) भी शामिल हैं।''

### 35 प्रतिशत से कम एफई का मानक 50 फीसदी होगा

संशोधित नियमों के तहत, 35 प्रतिशत से 45 प्रतिशत से कम एफई सामग्री वाले लौह अयस्क के लिए औसत विक्रय मूल्य (एएसपी), 45 प्रतिशत से 51 प्रतिशत से निम्न श्रेणी वाले अयस्क के एएसपी का 75 प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा। वहीं 35 प्रतिशत से कम एफई सामग्री वाले अयस्क के लिए एएसपी इसी मानक का 50 प्रतिशत होगा।

# कार्पोरेट जगत में होगी पहले से अधिक भर्ती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर में तेजी से जुड़ी चिंताओं के बीच भारतीय कॉरपोरेट जगत में 2026-27 के दौरान भर्ती मुख्य रूप से मझोले स्तर के पदों पर केंद्रित रहने और वेतन वृद्धि पांच से 10 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कार्यबल भर्ती से जुड़ी कंपनी जी नि य स एचआरटेक की यह रिपोर्ट कहती है कि 49 प्रतिशत कंपनियों ने मझोले स्तर के पेशेवरों की भर्ती पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। कुल कार्यबल विस्तार के संदर्भ में 28 प्रतिशत संगठनों ने 10-15 प्रतिशत से अधिक की भर्ती वृद्धि की योजना जताई, जबकि 43 प्रतिशत ने शून्य से पांच प्रतिशत की सीमित बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया। वेतन के मोर्चे पर 46 प्रतिशत कंपनियां पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की योजना बना रही हैं, जबकि 34 प्रतिशत कंपनियों ने 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी का संकेत दिया है। नए श्रम कानूनों के लागू होने से 57 प्रतिशत कंपनियां अपने वेतन ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वेतन वृद्धि का सबसे अधिक लाभ मध्यम-वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों (48 प्रतिशत) को मिलने की संभावना है, जबकि कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर का हिस्सा क्रमशः 26 एवं 22 प्रतिशत रहेगा। कर्मचारियों का नौकरी छोड़ना कंपनियों के लिए चिंता का प्रमुख विषय बना हुआ है। करीब 55 प्रतिशत संगठनों ने 10-20 प्रतिशत कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का अनुमान जताया।

- जीनियस एचआरटेक ने जारी की रिपोर्ट




### नौकरी छोड़ने का कारण बेहतर अवसर, वेतन व करियर

रिपोर्ट कहती है कि खासकर युवा कर्मचारियों में काम का लचीलापन, उद्देश्य और तेज करियर प्रगति जैसी अपेक्षाएं नौकरी छोड़ने की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 43 प्रतिशत संगठनों का मानना है कि कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने में नौकरी की सुरक्षा की भूमिका सीमित या मध्यम है जबकि वेतन एवं करियर में बेहतर अवसर जैसे कारक अधिक प्रभावी हैं।

# अतिरिक्त माल ढुलाई पर अब प्रतिशत के आधार पर शुल्क



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने माल ढुलाई वाहनों में उनकी क्षमता से अतिरिक्त भार पर शुल्क संरचना में बदलाव किया है। अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों से जितना अतिरिक्त भार होगा उसी के आधार पर शुल्क वसूला जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर और संग्रह का निर्धारण) चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य प्रवर्तन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिरिक्त भार वाले वाहनों के लिए तर्कसंगत शुल्क संग्रह सुनिश्चित करना है। संशोधित नियम 15 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे।

- नए नियम आज से लागू

### 10 फीसदी तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं

मंत्रालय के अनुसार, 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। 10 प्रतिशत से अधिक और 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार होने पर मूल दर का दोगुना शुल्क लिया जाएगा, जबकि 40 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त भार पर मूल दर का चार गुना शुल्क वसूला जाएगा।

# बीईएमएल को 3.68 करोड़ रुपए का निर्यात ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी बीईएमएल को पश्चिम एशिया क्षेत्र से करीब 3.64 करोड़ डॉलर का निर्यात ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बयान में कहा कि ऑर्डर में क्रेन जैसे भारी ''अर्थमूविंग'' उपकरण की आपूर्ति शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि यह कंपनी की वैश्विक विस्तार रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण है। बयान के अनुसार, बीईएमएल को पश्चिम एशिया क्षेत्र से 3.64 करोड़ डॉलर का निर्यात ऑर्डर मिला है। बयान में कहा गया, 'यह ऑर्डर वैश्विक रक्षा इंजीनियरिंग भागीदार के रूप में कंपनी की बढ़ती भूमिका को मजबूत करती है। इस ऑर्डर में भारी अर्थमूविंग उपकरण की आपूर्ति शामिल है।'

बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

# वैश्विक तनाव के बीच गोल्ड ईटीएफ में 31,561 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों के पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्प की ओर रुख करने से जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह गुना वृद्धि दर्शाता है। 'एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया' (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, तिमाही आधार पर प्रवाह 36 प्रतिशत बढ़कर 23,132 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार (एसेट बेस) और निवेशक खातों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस श्रेणी में मार्च महीने में 2,266 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो फरवरी के 5,255 करोड़ रुपये और जनवरी के 24,040 करोड़ रुपये से कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में कुल प्रवाह 31,561 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-मार्च 2025 के 5,654 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। क्रमिक रूप से प्रवाह की गति में हालांकि कुछ नरमी आई है लेकिन सोने के उत्पादों में निवेशकों की रुचि सकारात्मक बनी हुई है। मार्च में धीमे प्रवाह का कारण वर्ष की शुरुआत में मजबूत निवेश के बाद सामान्यीकरण और नए निवेश में कुछ कमी को माना जा रहा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया की वरिष्ठ विश्लेषक नेहल मेश्राम ने कहा, '' जनवरी में असामान्य रूप से अधिक निवेश देखा गया। इसकी मुख्य वजह जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, खंड पुनर्संतुलन और सोने की कीमतों में तेजी रही। फिर भी मार्च में सकारात्मक प्रवाह यह दर्शाता है कि बाजार की अनिश्चितता एवं व्यापक आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच सोना विविधीकरण के साधन के रूप में निवेशकों को आकर्षित करता रहा है।''

- जनवरी-मार्च तिमाही में पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना वृद्धि




### एयूएम में तीन गुना बढ़ोतरी

मजबूत निवेश प्रवाह से मार्च 2026 के अंत तक 'गोल्ड फंड' की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) लगभग तीन गुना बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो एक वर्ष पहले 58,888 करोड़ रुपये थीं। हाल के वर्षों में बेहतर 'रिटर्न' देने के कारण सोने में निवेशकों की रुचि बढ़ी है।

# रिलायंस जियो और बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया गठजोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के अपने प्रयास के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के साथ साझेदारी की घोषणा की। इससे कोई भी व्यक्ति कंपनी के फीचर फोन से उसके मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन का उपयोग कर सकेगा। बीओबी और जियो के संयुक्त बयान के अनुसार, इसके तहत फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए ''बीओबी वर्ल्ड लाइट'' मोबाइल बैंकिंग ऐप पेश किया गया है। यह ऐप खास तौर पर जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस के लिए तैयार किया गया है, जिससे बिना स्मार्टफोन के भी लाखों लोग डिजिटल बैंकिंग का उपयोग कर सकेंगे। यह ऐप फीचर फोन उपयोगकर्ता को यूपीआई के जरिये भुगतान, पैसे भेजने, बिल भुगतान और अन्य रोजमर्रा की बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा।



## कीमत बढ़ने की संभावना, अप्रैल 2022 से कीमतों में कोई बदलाव नहीं

# कंपनियों को पेट्रोल पर 18, डीजल पर 35 रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

- कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई



### 10 डालर की वृद्धि पर छह रुपए की बढ़ोतरी होती है

रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कीमत में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से विपणन नुकसान में करीब छह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि के आसार हैं।

**पेट्रोल-डीजल की हाजिर कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल :** वैश्विक वित्तीय सेवा समूह मैक्वेरी ग्रुप की 'इंडिया फ्यूल रिटेल' रिपोर्ट के अनुसार, '' पेट्रोल-डीजल की हाजिर कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल होने पर भारत की तेल विपणन कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपये और डीजल पर 35 रुपये का नुकसान होता है।''

### कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव

इस दौरान वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने से लेकर इस साल की शुरुआत में लगभग 70 डॉलर तक गिरावट और फिर अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद पिछले महीने लगभग 120 डॉलर तक का उछाल।

### तीनों कंपनियों को प्रतिदिन 2,400 करोड़ रु, का नुकसान

सूत्रों ने बताया कि पिछले महीने ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है। यह कटौती उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाई गई बल्कि नुकसान की भरपाई में इस्तेमाल की गई।

# मार्च में रूस से भारत को कच्चा तेल का आयात तीन गुना रहा

## कच्चे तेल की खरीद 5.3 अरब यूरो रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की मार्च, 2026 में रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई। यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च, 2026 में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। इस दौरान भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी ईंधन उत्पादों का आयात किया, जिनमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) रही। शेष आयात में कोयला (33.7 करोड़ यूरो) और पेट्रोलियम उत्पाद (17.85 करोड़ यूरो) शामिल रहे। फरवरी में भारत, रूस से ऊर्जा आयात करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश था और कुल आयात 1.8 अरब यूरो रहा था। उस समय कच्चे तेल की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत (1.4 अरब यूरो) थी। कोयले की हिस्सेदारी 22.3 करोड़ यूरो और पेट्रोलियम उत्पादों की 12.1 करोड़ यूरो थी।

- भारत ने रूस से तेल की खरीदी फिर तेज कर दी



### कुल आयात में चार फीसदी की कमी दर्ज

रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में चार प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, लेकिन रूस से आयात दोगुना हो गया। यह वृद्धि अमेरिका द्वारा रूसी तेल पर एक महीने की प्रतिबंध छूट दिए जाने के बाद हुई। यह छूट पहले से समुद्र में मौजूद खेपों और पहले प्रतिबंधित जहाजों से हो रही आपूर्ति पर लागू थी। इसका उद्देश्य ईरान के साथ तनाव के बाद बढ़ी कीमतों को नियंत्रित करना था।

# सीएम साय बोले- संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के शंकरनगर स्थित दुर्गा मैदान पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ बैठकर भोजन किया तथा स्वयं लोगों को भोजन परोसकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसके संविधान का निर्माण करने का गौरव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्राप्त है। उन्होंने कहा, यह संविधान देश के 140 करोड़ नागरिकों को समानता, अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा, संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। मुख्यमंत्री ने कहा, बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्चतम स्थान प्राप्त किया और समाज के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने नारी शिक्षा और सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले द्वारा प्रारंभ किए गए नारी शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के अभियान को बाबा साहेब ने आगे बढ़ाया और उसे नई दिशा दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के जन्म, शिक्षा, दीक्षा, कार्य और समाधि स्थलों को "पंच तीर्थ" के रूप में विकसित कर उन्हें सच्चा और स्थाई सम्मान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समरसता का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समरसता भोज जैसे आयोजन सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने की मजबूत व्यवस्था दी। आज मुख्यमंत्री श्री साय और के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। समरसता भोज कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती मोना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## सूने मकान में धावा चार लाख की चोरी



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नकदी तथा जेवरों समेत 4 लाख से अधिक के सामान पर हाथ साफ दिया। अजय ठाकुर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया कि 10 अप्रैल की रात वह अपनी फल दुकान पर था, जबकि उसकी मां घर पर मौजूद थीं और पत्नी पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़ दिया। अगले दिन जब परिजनों ने आलमारी देखी तो सामान बिखरा मिला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे।

# मिलने लगी प्लास्टिक बोतल बंद शराब

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले में मंगलवार से प्लास्टिक बोतल वाली शराब की बिक्री शुरू कर दी गई है। हालांकि इसकी शुरुआत शहर में संचालित कुछ दुकानों से की गई है। इन दुकानों में शेरा और शोले ब्रांड की देशी शराब पौवा में बिक रही है। हरिभूमि ने इन दुकानों में जाकर प्लास्टिक बोतल शराब खरीदने वाले लोगों से बातचीत की। इस दौरान कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि शराब का टेस्ट अभी सही है, लेकिन 6-8 महीने में सही रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है, क्योंकि प्लास्टिक की बोतल में लंबे समय तक शराब रखने से उसके टेस्ट में फर्क आ सकता है। हालांकि कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल में शराब मिलने से लोगों में खुशी भी है। लोगों का यह भी कहना है कि कांच बोतल के फूटने का डर लगा रहता था, जो अब नहीं रहेगा।राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा और टाटीबंध स्थित शराब दुकानों में देशी ब्रांड की शराब का पुराना स्टॉक लगभग खत्म हो गया था।



इसे देखते हुए सबसे पहले इन दोनों दुकानों में प्लास्टिक पौवा शराब का भंडारण कराया गया था। इन दोनों दुकानों में 300-300 पेटी शेरा और शोले ब्रांड की देशी शराब की सप्लाई की गई थी। इन दोनों दुकानों में मंगलवार से नये स्टॉक वाले शराब की बिक्री भी शुरू कर दी गई है। पहले दिन ही दुकान खुलते ही शराब दुकानों में प्लास्टिक बोतल बंद शराब लेने वालों की भीड़ लग गई।

प्लास्टिक बोतल वाली शराब की सप्लाई से अब ग्राहकों के साथ शासन को होने वाले नुकसान में भी भारी कमी आएगी। शराब दुकान से खरीदी के बाद कांच की बोतल, शीशी ले जाते समय टूट-फूट जाती थी, जिससे ग्राहक को सीधे नुकसान सहन करना पड़ता था, लेकिन प्लास्टिक की बोतल के टूट-फूट होने की संभावना बहुत कम है। इसी प्रकार कंपनियों से सहकारी वेयर हाउस तक खेप पहुंचने के दौरान भी दर्जनों में कांच की बोतल, शीशी टूट-फूट जाती थी, जिससे शासन को नुकसान होता था। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि 2400 पेटी शराब की खेप में मात्र एक बोतल ही डैमेज निकली है, जबकि यही खेप कांच की बोतल वाली होती, तो 100 से 150 बोतल टूटी हुई निकलती। आबकारी अधिकारियों के अनुसार राजधानी रायपुर में संचालित सभी दुकानों में देशी और चीप रेंज के ब्रांडों में पुराना स्टॉक लगभग खत्म होने की कगार पर है। कुछ दुकानों में तो स्टॉक खत्म भी हो गया है। इसके कारण उन दुकानों में नया स्टॉक का भंडारण कराया जा रहा है, ताकि ग्राहकों को खाली हाथ लौटना नहीं पड़े।

# फॉर्महाउस में आधी रात अवैध पार्टी, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

वीआईपी रोड स्थित क्लब और फॉर्म हाउस में चल रही अवैध पार्टियों के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यूथ कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। तेलीबांधा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए यूथ कांग्रेस ने मांग की है, वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए उसमें शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा संबंधित आयोजकों एवं मालिकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। वायरल वीडियो में युवक-युवतियां हुक्का और शराब का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। ये क्लब और फॉर्महाउस निर्धारित समय सीमा के बाद भी खुले रहते हैं। यूथ कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया है कि इन अवैध पार्टियों की जानकारी होने के बाद भी रसूखदारों के कारण इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन्हें विशेष संरक्षण प्राप्त होने के कारण युवा वर्ग नशे में डूबता जा रहा है। यूथ कांग्रेस ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासन की जानकारी के बावजूद खुलेआम संचालित हो रही हैं।

# हजार रुपए पर बिजली कट के मामले में आयोग में कल फिर होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया पर ही बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में अपना पक्ष तो रखा दिया है, पर कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है। आयोग ने जहां अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है, वहीं पॉवर कंपनी से लिखित में जवाब मांगा है कि किनका कनेक्शन किस प्रक्रिया के तहत कट किया गया है। आयोग ने जानना चाहा है कि क्या सिर्फ छोटे बकायादारों का ही कनेक्शन कट किया गया है या फिर बड़े बकायादारों के भी कनेक्शन काटे गए हैं। अब कंपनी अपना जबाव 16 अप्रैल को आयोग के सामने रखेगी। कंपनी के जवाब के हिसाब से ही आयोग में इस मामले में फैसला होगा। बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है। लेकिन आयोग के पास जो शिकायतें आई हैं उसमें तो अंतिम तिथि के पहले भी कई कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इसी के साथ अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद बिना 15 दिनों का इंतजार किए ही कभी भी कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इस मामले को लेकर आयोग भारी खफा है। पहली सुनवाई में आयोग ने पॉवर कंपनी का पक्ष सुनने के बाद कंपनी से यह जानकारी मांगी है कि कंपनी आखिर किस प्रक्रिया का पालन करके कनेक्शन कट कर रही है।

# सुंदर वधु दिलाने के नाम पर ठगी, 77 सौ लोगों को एक करोड़ से अधिक का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुंदर वधु दिलाने के नाम पर परिवहन सुविधा केंद्र एवं कम्प्यूटर संस्थान में चल रहे ठगी के कारोबार का भांडाफोड़ करने के साथ पुलिस की जांच दूसरी दिन भी जारी रही। इस दौरान पुलिस ने 55 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 प्रिटर सहित 3 बैंक खाते बरामद कर जब्त किया। जांच में 7 हजार 693 लोगों से कुल 1 करोड़ 11 लाख 36 हजार रूपए की ठगी करने की पुष्टि हुई है। मामले में संचालक समेत 26 युवतियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि सोमवार की दोपहर दरोगा पारा स्थित निधि परिवहन सुविधा केन्द्र और शांति देवी सोसायटी ऑफ एज्युकेशन में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक यहां फर्जी मेट्रीमोनियल साइट्स के माध्यम से लोगों को सुंदर वधु दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग प्रक्रियाओं के नाम पर फीस लेकर ठगी करने के मामले में इस गिरोह के मास्टर माइंस कपिल गर्ग और उसकी सहयोगी युवती हिमांशु मेहर सहित 26 युवतियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार किया गया। मामले में दूसरे दिन पुलिस टीम जांच में जुटी रही। पुलिस ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 55 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 प्रिंटर और 3 बैंक खाते




बरामद कर जब्त किए गए हैं। उक्त तीनों खाते दोनों मुख्य आरोपियों के बताए जा रहे हैं, लेकिन पुलिस को आशंका है कि इस अपराध में म्यूल खातों का भी इस्तेमाल किया गया होगा। अब तक की कार्रवाई में सामने आया है कि इस गिरोह ने 7 हजार 693 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है और उनसे 1 करोड़ 11 लाख 36 हजार रूपए ऐंठ लिए हैं। हालांकि कार्रवाई जारी है, ऐसे में पीड़ितों की संख्या और ठगी की रकम भी बढ़ सकती है।

> अब तक की गई जांच में केन्द्र का संचालक और उसकी सहयोगी सहित 26 युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल, लैपटॉप, और बैंक पासबुक जब्त किया गया हैं। 7 हजार 693 लोगों के साथ 1 करोड से अधिक की ठगी की गई है।
>
> **शशि मोहन सिंह**
> एसएसपी, रायगढ़।

## मिलने की अनुमित मांगने एसएसपी के समक्ष पहुंचे परिजन

इस छापेमार कार्रवाई की सूचना मिलते ही यहां कार्यरत युवतियों के परिजन मौके पर पहुंच गए और उनसे मुलाकात करने की मांग करने लगे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पूछताछ किए जाने का हवाला देते हुए इंतजार करने को कहा गया। ऐसे में परिजनों ने रात भर इंतजार किया। परिजनों की मानें तो यहां किस तरह का काम होता था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। वे नहीं जानते थे कि यहां गैरकानूनी काम होते हैं। मंगलवार की दोपहर तक जब उनकी मुलाकात नहीं हो सकी, तब दोपहर को परिजन एसएसपी से मिलने पहुंचे। जहां एसएसपी ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि न्यायालय के फैसले का इंतजार कर सकते हैं, लेकिन कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी।

## विदेशों से जुड़े ठगी के तार

जांच के संबंध में बताया गया कि शादी के लिए लड़की ढूंढ रहे ज्यादातर युवक अलग-अलग राज्यों से थे, लेकिन इसमें कुछ मलेशिया सहित अन्य देशों के युवक भी इनके झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गए। यहां युवतियां लोगों को लकड़ी दिखाने, उससे बात करने, उससे मिलवाने और यहां तक की उसकी फोटो दिखाने के नाम भी अलग-अलग रजिस्ट्रेशन फीस लेते थे। यहां बैठी युवतियां ही अपनी भूमिका बदल कर युवकों से बात करते हुए उन्हें झांसे में लेती थी। जिसके बाद मिलने की बात होती थी, लेकिन यह सिर्फ ठगने का तरीका होता था।

# बिना फार्मर आईडी किसानों को समितियों से नहीं मिलेगी खाद

**रायपुर।** खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी होगी, उन्हें ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगी। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचाना है, ताकि अनियमित वितरण और कालाबाजारी को रोका जा सके। यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्रीस्टेक को अनिवार्य किया गया था, इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है। नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिए पूरा किया जाएगा। इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
TelePhone-07726-221068, Email Address- cmobhatapara@rediffmail.com

क्रमांक /07/लो.नि.वि./न.पा.प./2026-27 भाटापारा, दिनांक 08.04.2026

**// तृतीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा एस.टी.पी. निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से तृतीय ई-प्रोक्यूरमेट (ऑनलाईन निविदा) आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | बीड डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 188664 | Design, Construction,Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Bhatapara under SBM 2.0 | 1247.71 | 30.04.2026 |

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ ना बहावें। खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**संक्षिप्त रूचि की अभिव्यक्ति**

क्र0/5045/DMF/NEET/JEE कोचिंग / 2026
अम्बिकापुर, दिनांक 10/04/2026

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सरगुजा जिले के शासकीय शालाओं में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी छ0ग0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण प्रावीण्यता के आधार पर 50 चयनित विद्यार्थियों को NEET और IIT-JEE के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग दिया जाना है। उक्त कोचिंग दिये जाने के उद्देश्य से सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान का चयन / चिन्हांकन किये जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) जारी की जाती है। इच्छुक संस्थान दिनांक 30.04.2026 दिन गुरूवार सायं 5:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा (बंद लिफाफा) पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिशः जमा कर सकते हैं। रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का विस्तृत विवरण सरगुजा जिले की वेबसाइट www.surguja. gov.in एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर,
सरगुजा (छ.ग.)

जी-262700169/2

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

website - tribal.cg.gov.in -2263708
Fax - 2262558 E mail -
क्रमांक / EMRS/K-39/2025-26/232
नवा रायपुर, दिनांक : 10/4/2026

**शिक्षण सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु दिनांक 01/03/2026 को आयोजत प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम वेब पोर्टल eklavya.cg.nic.in पर घोषित किये जाने की सूचना**

भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा शिक्षण सत्र 2026-27 में राज्य अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु दिनांक 01.03.2026 को प्रदेश के 27 जिलों के 150 परीक्षा केन्द्रों में प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में **कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम एकलव्य विद्यालयों की वेबसाईट eklavya.cg.nic.in में प्रदर्शित किया जा चुका है।** अतः आवेदक वेबपोर्टल पर निर्धारित लिंक में वांछित प्रविष्टि कर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग की सूचना वेबसाईट पर पृथक से प्रदर्शित की जावेगी। अतः परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।
**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

जी-262700164/2

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**NCL INDUSTRIES LIMITED**
NCL GROUP

**NCL Industries Limited,** pioneer in manufacturing of **Cement** with a brand name of **Nagarjuna Cement** for more than 40 years, is looking for;

**SALES OFFICER - CEMENT MARKETING**


**Qualification & Exp:** Any Intermediate / Graduate with minimum 2-4 years of Experience in Sales & Marketing.

**Job Location: Jagdalpur, Raipur**

Interested candidates may mail **resume along with Photograph to careers@nclind.com on or before 18th April, 2026**

**Contact Details: 7207778379**

www.nclind.com / www.nagarjunacement.com



## सूडोकु नवताल 6206

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बॉयलर ब्लास्ट....

जबकि 1 मजदूर की खरसिया अस्पताल में मौत हो गई। इस तरह शाम तक 10 मजदूरों के मौत की खबर सामने आई है। हादसे में तीन दर्जन से अधिक मजदूर घायल हुए हैं। सभी घायलों को घटना के बाद तत्काल आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ और मजदूरों के मौत की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ ही राहत बचाव दल द्वारा मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्लांट से लगातार एम्बुलेंस निकल रही हैं। घायलों को अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है। राहत एवं बचाव दल द्वारा घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने घटना स्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर बॉयलर फटने को हादसे की वजह माना जा रहा है, लेकिन वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### हाइवा-ट्रक की भीषण....

स्थल पर जबकि ट्रक चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। नेशनल हाईवे 130-सी पर बजरंगपुर में निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास रात करीब 1.15 बजे रेत से भरे हाईवा ने सामने से आ रहे खाली ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए। हाइवा सीजी 04 क्यूपी 2293 को कातलबोड़ कुरूद निवासी दीपक पटेल (उम्र 22 साल) चला रहा था। उसके साथ हेल्पर झुरा नवागांव कुरूद निवासी सुमीत यादव (उम्र 19 साल) भी था। इन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 7941 को चालक भागवत साहू (उम्र 65 वर्ष) निवासी कुटीपारा पारागांव चला रहा था। इस दुर्घटना में ट्रक चालक बुरी तरह से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। खबर पाकर नवापारा थाने से टीआई दीपेश जायसवाल स्टाफ लेकर मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर की छत,...

सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक सेल्फ इन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। आईडी 1 मई को घर-घर सर्वे के लिए आने वाले प्रगणक को देकर स्व गणना में दी गई जानकारी की पुष्टि करेंगे।

### नक्सली जुल्म के...

वालों में हैं। वे देश के साथ परिवार की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उनका बांया पैर घुटनों से उपर तक 75 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद उन्हें घुटने से उनका पैर काटना पड़ा बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी महज सप्ताह भर के उपचार के बाद फिर ड्यूटी पर उपस्थित हो गए और वर्तमान में पुलिस लाइन सुकमा में ड्यूटी कर रहे हैं। विनोद की कहानी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। सुकमा जिले के धुर नक्सल प्रभावित चिंतागुफा गांव के निवासी विनोद जब अपने परिवार के साथ गांव में रहते थे तो वहां नक्सलियों का बोलबाला था। नक्सली दिन में भी गांव में धमक जाते थे। इसी दौरान वर्ष 2017 में बड़े भाई पोड़ियाम जोगेश जिला बल में भर्ती हुए और प्रशिक्षण के बाद सुकमा डीआरजी का हिस्सा बने। भाई के पुलिस में भर्ती होने के बाद नक्सलियों का कहर परिवार को उठाना पड़ा और वर्ष 2018 में नक्सल फरमान से पूरे परिवार को गांव से बेदखल कर दिया गया। इस समय नक्सलियों ने पूरे इलाके में भय का वातावरण बना दिया था। इसी वर्ष 2018 में नक्सलियों व सीआरपीएफ की बुरकापाल में हुए मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 17 जवान शहीद हो गए थे। नक्सलियों के भय से पूरा परिवार खेती किसानी का काम छोड़कर सुकमा में आ गए। बावजूद विनोद ने हार नहीं मानी और नक्सलियों की इस कायरता का जवाब देने के लिए 1 सितम्बर 2022 को बस्तर फाइटर्स में भर्ती हो गए। इन वर्षों में उन्होंने अपनी टीम के साथ नक्सलियों का जमकर मुकाबला किया और अलग अलग मुठभेड़ में कई नक्सलियों को मार गिराया। तीन साल तक नक्सलियों के भय से गांव छोड़ने के बाद वर्ष 2022 में ग्राम प्रमुखों ने परिवार को वापस चिंतागुफा आने के लिए कहा, जिसके बाद माता पिता पुनः गांव वापस आ गए। विनोद वर्तमान में अपनी बहन पोड़ियाम सुनीता व छोटे भाई पोड़ियाम राहुल को अपने साथ सुकमा में ही रखकर उन्हे शिक्षित कर रहे हैं। बहन वर्तमान में प्रथम वर्ष की छात्रा है तो भाई सुकमा में आईटीआई कर रहा है।

### पेड़ की जड़...

पेड़ की जड़ में लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्लास्ट से उनका बाएं पैर का निचला हिस्सा 75 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया। डीआरजी व सीआरपीएफ टीम ने मौके पर ही उनका फर्स्ट एड किया। इसके बाद पूवर्ती सीआरपीएफ कैम्प में प्राथमिक उपचार के बाद चौपर से रायपुर ले जाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उन्होंने हौसला नहीं खोया और आठ दिन के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज होकर वापस सुकमा आ गए।

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
Sai Care Hospital
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

## बिहार में सम्राट युग की शुरुआत

# ऐसे ही नहीं बीजेपी ने लगाया सम्राट पर दांव, इसके पीछे हैं कई फैक्टर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद अब उनकी जगह बीजेपी के सम्राट चौधरी बिहार के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। पार्टी ने उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया है, जिसके बाद उनका सीएम बनना तय हो गया है। अब एनडीए की तरफ से सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा. इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य में ये जनना जरूरी है कि आखिर बीजेपी ने सम्राट चौधरी के नाम को ही आगे क्यों किया?



### बीजेपी में लगातार बढ़ता कद सम्राट चौधरी के काम आया

साल 2018 में बीजेपी की सदस्यता लेने के बाद पार्टी के भीतर सम्राट चौधरी का कद लगातार बढ़ता गया। 2019 में जब नित्यानंद राय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे तो सम्राट चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया गया और फिर 2020 में एमएलसी बने. साल 2022 में नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना ली थी। इसके बाद बीजेपी ने राज्य में बड़े स्तर पर बदलाव को लेकर दिल्ली में बैठक की थी। इस मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद विजय सिन्हा को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सम्राट चौधरी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाने का फैसला लिया गया था।

### 'लव-कुश' समीकरण साधने की कोशिश

सम्राट चौधरी के नाम को आगे कर बीजेपी जाति समीकरण अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश की है। नीतीश कुमार की जगह बीजेपी बिहार में एक प्रभावशाली ओबीसी चेहरे की तलाश में थी। सम्राट चौधरी कुशवाहा (कोईरी) समाज से आते हैं। वहीं नीतीश कुमार कुर्मी समाज से ताल्लुक रखते हैं। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाकर बीजेपी ने 'लव-कुश' समीकरण साधने की कोशिश की है, जो बिहार में एक बड़ा वोट बैंक है।

### राजनीतिक अनुभव आया काम

सम्राट चौधरी के खुद की मेहनत और राजनीति परिवार का अनुभव उनके काफी काम आया। सम्राट चौधरी की राजनीतिक ट्रेनिंग आरजेडी के भीतर पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के की देखरेख में हुई। उनके पिता शकुनी चौधरी एक समय में लालू प्रसाद के सबसे करीबी में से एक हुआ करते थे। नीतीश कुमार की सहमति भी सम्राट चौधरी को सीएम बनाने को लेकर थी, जिसे बीजेपी नजरअंदाज नहीं कर सकती थी।

# भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा

एजेंसी ▸▸| संयुक्त राष्ट्र

पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का खतरा है और देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने 'पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धिः एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह संघर्ष 'एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास के दबाव को बढ़ा रहा है।' इसमें कहा गया कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से घरेलू क्रय शक्ति घट रही है, खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ रहा है और आजीविका कमजोर हो रही है।




HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-लॉज में रूम सर्विस कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सना लॉज नया बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर 9827171590, 9131796778 (40551)

आवश्यकता है-पार्ट टाईम फील्ड कार्य के लिए 2 स्थानीय युवकों की आवश्यकता है योग्यता आठवी पास वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- थायरोकेयर (शेख असलम) देवकीनंदन स्कूल के सामने तिलक नगर बिलासपुर (40552)

आवश्यकता है-इलेक्ट्रीकल थ्रीव्हीलर शोरूम में फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव 6 पोस्ट (युवक, युवतियां) एवं टेक्नीशियन 6 पोस्ट चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- मालवा टीवीएस मेन रोड व्यापार विहार बिलासपुर 8827948333, 93400 93263 (40555)

आवश्यकता है-फील्ड में कार्य हेतु मैनेजर, पेमेन्ट रिकवरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बिजी GST अकाउंट कोटेशन जानकार लड़कों/ लड़कियों एवं मिस्त्री मैकेनिक चाहिए सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में, गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 (40534)

आवश्यकता है-शिवांगी ऑइल्स प्राइवेट लिमिटेड में बॉयलर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य हेतु टेली, एमएस एक्सल अनुभवी डाटा एंट्री ऑपरेटर युवक/ युवती चाहिए वेतन योग्यता अनुसार अनुभव 5-7 वर्ष सम्पर्क समय 12बजे से शाम 6बजे तक 93037 90515, 9669365848 (40549)

आवश्यकता है-प्रतिष्ठित कंस्ट्रक्शन कम्पनी में नहर कार्य हेतु कटघोरा में सिविल इंजीनियर, साइट सुपरवाइजर एवं जेसीबी ऑपरेटर, एजाक्स ऑपरेटर की तत्काल आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9926900549 (40528)

आवश्यकता है-फैक्ट्री सुपरवाइजर- 3 पद, फैक्ट्री मैनेजर- 1 पद, सेल्स ऑफिसर (TMT/ हार्डवेयर आदि) एवं ड्राइवर- 1 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मीनाक्षी स्टील तार फैक्ट्री सिरगिट्टी बिलासपुर 7000157773 (3183)

आवश्यकता है-प्रतिष्ठित कंस्ट्रक्शन कम्पनी में टेली कॉलिंग करने हेतु युवती एवं चाय पानी साफ सफाई करने के लिए युवक एवं युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9039190256 (40559)

आवश्यकता है-पैट्रोल पम्प में कम्प्यूटर आपरेटर, पम्प आपरेटर, सफाई कर्मचारी, चौकीदार एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- जरहाभाठा मन्दिर चौक बिलासपुर 9479258223 (40473)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन लड़का एवं सेल्सगर्ल लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 9827923507 (40545)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी का कार्य करने के लिए (जो शोरूम में गाड़ियों की एंट्री कर सके) की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9981630084, 9425534940 (40561)

आवश्यकता है-बिलासपुर की निर्माणाधीन कॉलोनी में सिविल कॉन्ट्रैक्टर (छत नापी+ आइटम रेट) प्लास्टर कॉन्ट्रैक्टर, शटरिंग लोहार, टाइल्स कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9589000659, 79992 45462, 7970010956, 7970010973 (40550)

आवश्यकता है-यश बिग बाजार में काम करने के लिए लड़कियों (सेल्सगर्ल) की आवश्यकता है आकर्षक वेतन ESIC सुविधा के साथ सम्पर्क करें- स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर बिलासपुर 9300329794, 9131876031 (40554)

आवश्यकता है-रिसेप्शनिस्ट (मेल/ फीमेल) बेसिक कम्प्यूटर नॉलेज, आया बाई (फीमेल) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से 2बजे तक उदय चिल्ड्रन हास्पीटल वेयर हाउस रोड बिलासपुर 9753434748 8085812980 (40553)

आवश्यकता है-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-पारस इन्टरप्राइजेस GF-26, अम्बे अंजनी ई-प्लाजा सीएमडी कॉलेज चौक, लिंक रोड बिलासपुर 94255 30470, 9826598526 (40526)

आवश्यकता है-राष्ट्रीय स्तर की कम्पनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता है जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133 (401)

आवश्यकता है-UTN शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें-शॉप नम्बर FS16, प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (40560)

आवश्यकता है-श्री गुरुतेग बहादुर उ.मा. शाला 27खोली, विकास नगर में हिन्दी/ अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षकों एवं आफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर शिक्षक चाहिए। सम्पर्क करें- प्रातः 8 से 12बजे तक 982740 5850, 9039768650 (40543)

आवश्यकता है-साफ सफाई गार्डन में पानी डालने एवं अन्य सभी घरेलु कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा दी जाएगी तनखा- 7500 महीना सम्पर्क करें- 7869399765 (40544)

आवश्यकता है-ट्रीटोन होटल रायपुर, रावतपुरा यूनिवर्सिटी रायपुर में सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड चाहिए ऊंचाई पुरुष 5'-6" लड़कियां 5'-5" वेतन सुपरवाइजर 18000, सुरक्षा गार्ड-15000 अनुभवी को प्राथमिकता पता- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 83499 74442 (40514)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 93011 86703, 8253010291, 8085233213, 72230 26026 (40406)

आवश्यकता है-मेडिकल एजेन्सी में पेमेन्ट कलेक्शन, कार्टून पैकिंग, माल डिलीवरी, साफ सफाई एवं अन्य कार्यो हेतु मेहनती, इच्छुक लड़कों की आवश्यकता है। वेतन अनुभव अनुसार पता- सिटी केमिस्ट, मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर (40542)

आवश्यकता है-भोजनालय में कार्य करने के लिए कुक, वेटर, हेल्फर लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सांई भोजनालय मंगला चौक बिलासपुर 9755592108, 9589480555 (40541)

आवश्यकता है-नर्सिंग होम में कार्य करने के लिए ट्रेण्ड नर्स व कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-जय अम्बे नर्सिंग होम रिंग रोड नम्बर-2 महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 99819 70853 (40496)

आवश्यकता है-कैफे में कार्य करने हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है। वेतन 6500 से 8000 सम्पर्क करें- (12बजे के बाद) बूबेरी कैफे, एम्बियन्स बिजनेस पार्क सीएमडी कॉलेज के सामने, 7987926453, 9131256249 (40531)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 10000 सम्पर्क करें- जयपुर मूर्ति भंडार रघु विहार, संजोग वाटिका के पास अशोक नगर सरकंडा बिलासपुर (40539)

आवश्यकता है-फैक्ट्री में लोडिंग, अनलोडिंग हेतु हमाल एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40530)

आवश्यकता है-चिल्हर दवाई दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- विनीता मेडिकल स्टोर्स सीपत चौक सरकंडा बिलासपुर 9827974278 (40536)

आवश्यकता है-खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले कि आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वा- 14000 महीना सम्पर्क करें- 97542 93974 (40497)

आवश्यकता है-बिलासपुर लॉज में काम हेतु वेटर, झाड़ पोछा, साफ सफाई कार्य 18वर्ष से ऊपर का पुरुष कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 से 12000 ग्रामीणों को रहना खाना निशुल्क सम्पर्क करें- 94063 90898 (40522)

आवश्यकता है-दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती युवती, युवक (हमाल) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- राधेश्याम स्टेशनरी मार्ट सरजू बगीचा तेलीपारा रोड बिलासपुर (40503)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## बेचना है

बेचना है-विद्या नगर में पाठक किराना के सामने स्थित रोड में 8फुट गली में 750 वर्गफुट में निर्मित लगभग 1300 वर्गफुट का स्वतंत्र छत सहित डबल स्टोटी 8 कमरों का मकान जिसका वर्तमान में 20000/- किराया आता है हॉस्टल, दो परिवार हेतु उपयुक्त मात्र 30लाख में बेचना है। नोट- 1माह में रजिस्ट्री कराने पर 5ग्राम सोने का सिक्का बिल्कुल फ्री, बैंक फाइनेन्स सुविधा सहित। सम्पर्क-9827116442 (40558)

बेचना है-तिफरा इंडस्ट्रीयल एरिया 18600 फीट प्लॉट, साइंस कॉलेज पास 3BHK फ्लैट फुलफर्निश्ड एसी लगा, वृन्दावन कॉम्प्लेक्स फर्स्ट फ्लोर 2 दुकान, मित्र विहार लिंक रोड 800 फीट प्लॉट, रामा मैग्नेटो मॉल पास 19 कमरे का नया होटल 4 मंजिल बेचना है। सम्पर्क- 9302855022 (40546)

बेचना है-10×14 की दुकान छत नहीं नरेश बाजार के अन्दर मां शारदा कॉम्प्लेक्स तेलीपारा, 10×14 दुकान मेन रोड पर (दीदी गारमेन्ट) गुरुनानक चश्मा के पास सदर बाजार में सम्पर्क -9827938236, 8770963388 (40556)

बेचना है-सकरी मेन रोड, जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास विकसित कॉलोनी में कमर्शियल शॉप्स। बेहतर रेन्टल इंकम। मुख्य सड़क से लगी पॉश कॉलोनी 3BHK प्रीमियम लग्जरी हाउस बेचना है सुविधाएं अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीसिटी, 24×7 CCTV, क्लब हाउस, गार्डन, मन्दिर सीमित यूनिट्स सम्पर्क- 7799957000, 8109412221 (40424)

## किराया

किराया-सकरी मेन रोड पर आत्मानन्द स्कूल के सामने नवनिर्मित प्रथम तल पर दो दुकान 13×26 कोचिंग, क्लीनिक, ऑफिस इत्यादि हेतु किराये से देना है। पर्याप्त पार्किंग सुविधा सम्पर्क करें- 9713666001 (40537)

## फाइनेंस

फाइनेन्स-आधार फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाएं सम्पर्क करें- 9311830460 (4373)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 4 | 0 | 3 | 1 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
224 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

# सूर्यकुमार ने 2714 गेंदों में ठोक डाले 4,000 रन, दूसरे नंबर पर गिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 28वां अर्धशतक रहा।

इस पारी का 25वां रन बनाते ही उन्होंने आईपीएल में भी 4,000 रन पूरे कर लिए। वह गेंदों के लिहाज से यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं।



## आईपीएल में दमखम दिखाने वाले भारतीय बल्लेबाज

### सूर्यकुमार यादव : 2,714 गेंद

आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 4,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने 2,714 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में अब तक 170 मैच खेले हैं, जिसकी 155 पारियों में 34.77 की औसत और 148.77 की स्ट्राइक रेट से 4,417 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 2 शतक और 30 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 103* रन का है।



### शुभमन गिल : 2,875 गेंद

सूची में जीटी के कप्तान गिल अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। उन्होंने 2,875 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने 2018 में आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद से अब तक 121 मैच खेले हैं, जिसकी 118 पारियों में लगभग 40 की औसत और 139.05 की स्ट्राइक रेट से 4,031 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 4 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन का रहा है।

### सुरेश रैना : 2886 गेंद



सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,886 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 205 मैच खेले थे, जिसकी 200 पारियों में 32.51 की औसत और 136.73 की स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 1 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* रन का रहा है।

### महेंद्र सिंह धोनी : 2887 गेंद



इस सूची में सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,887 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 278 मैच खेले थे, जिसकी 242 पारियों में 38.30 की औसत और 137.40 की स्ट्राइक रेट से 5,439 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रन का रहा है।

## खबर संक्षेप




### ईरानी टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने जेद्दा पहुंची

**जेद्दा।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची। युद्ध के कारण ईरान की लीग स्थगित कर दी गई थी और ट्रैक्टर की टीम ने 28 फरवरी के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

### मैकुलम से मतभेद की खबरों को स्टोक्स ने किया खारिज

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला के दौरान कोच ब्रेंडन मैकुलम से मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना बेहद अतिशयोक्तिपूर्ण है। स्टोक्स और मैकुलम 2022 से एक-दूसरे का अच्छा साथ निभा रहे हैं, लेकिन पिछली सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से हारने पर उन्हें गहरा झटका लगा। हार के बाद दोनों ने एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन एशेज की समीक्षा से तनाव के संकेत मिले। स्टोक्स संभलकर खेलना चाहते थे जबकि मैकुलम आक्रामक रवैया बरकरार रखना चाहते थे। स्टोक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना कि हम एकमत नहीं थे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है। जब आप किसी और के साथ नेतृत्व की स्थिति में होते हैं और तब अगर कोई यह सोचता है कि आप हमेशा हर बात पर सहमत होंगे तो यह बिल्कुल असंभव है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही मेरे और ब्रेंडन के विचार मिलते हैं लेकिन कुछ मामलों में हम अलग भी हैं।



## चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज शाम 7.30 बजे से मैच

# रॉयल चैलेंजर्स की आज लखनऊ जायंट्स से होगी पहली भिड़ंत, रजत-ऋषभ की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई


इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से 15 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक 3 मैच जीते हैं और 1 में शिकस्त झेली है, जबकि एलएसजी ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में ही हार का सामना किया है।

इस मैच में जहां विराट कोहली सहित टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपना दमखम दिखाना होगा वहीं ऋषभ पंत की टीम भी पहले मैच में आरसीबी को परास्त करने पूरे जोश के साथ उतरेगी।

### आरसीबी का पलड़ा है भारी

एलएसजी के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच एलएसजी ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को आरसीबी ने 6 विकेट से जीता था।





### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

कोहली ने एलएसजी के खिलाफ अब तक 6 पारियों में 32.16 की औसत और 133.1 की स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। जैकब डफी ने 3 पारियों में 23.00 की औसत के साथ 6 विकेट लिए हैं। एलएसजी के कप्तान पंत को आरसीबी के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। इस टीम के खिलाफ उन्होंने 13 पारियों में 53.9 की औसत और 158.06 की स्ट्राइक रेट के साथ 539 रन बनाए हैं।

### कोलकाता आईपीएल सीजन में चौथा मैच हारी:चेन्नई ने 32 रन से हराया



कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल के मौजूदा सीजन में चौथी हार झेलनी पड़ी है। उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने होम ग्राउंड चेपॉक में 32 रन से हरा दिया। मंगलवार को 192 रन का टारगेट चेज करते हुए कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए।

#### सैमसन ने 48 रन बनाए

चेन्नई की पारी में संजू सैमसन ने 32 बॉल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बॉल पर 41 रन की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 17 बॉल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल रॉय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला।


## आईसीसी

# प्लेयर ऑफ द मंथ, सैमसन और अमेलिया केर ने जीता पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 की खिताबी जीत वाले अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। सैमसन ने अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं।



### विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे थे सैमसन

*टी-20 विश्व कप 2026 में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।*

## मुंबई की बड़ी टैंशन

# रोहित की हैमस्ट्रिंग की चोट का होगा स्कैन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब वीरवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए। रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है।

### आरसीबी से मैच में मैदान छोड़कर चले गए थे

मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए।

### चोटिल कार्स की जगह मदुशंका सनराइजर्स टीम में

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी। आईपीएल के एक बयान के अनुसार वह 75 लाख रूपये में सनराइजर्स से जुड़ेंगे। इससे पहले वह मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रह चुके हैं।



### एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

# आईएलटी 20 : 22 नवंबर से शुरू होगा 5वां सीजन, दुबई में होगा फाइनल मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात की लोकप्रिय इंटरनेशनल टी-20 लीग (आईएलटी 20) के 5वें सीजन की शुरुआत 22 नवंबर, 2026 से होगी। इस टी-20 लीग में कुल 34 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 30 लीग मैच और प्लेऑफ शामिल हैं। कार्यक्रम के मुताबिक, फाइनल मैच 20 दिसंबर को खेला जाएगा। आगामी सीजन के सभी मैच दुबई, अबूधाबी और शारजाह में खेले जाने तय हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार भी 6 टीमें हिस्सा लेंगी।

### हम इस लीग की सफलता से बेहद खुश हैं : डेविड व्हाइट

आईएलटी 20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा, हमें इंटरनेशनल लीग टी-20 के 5वें सीजन के समय की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। खाड़ी क्षेत्र का यह सबसे बड़ा क्रिकेट आयोजन 22 नवंबर से 20 दिसंबर, 2026 तक खेला जाएगा। हम चौथे सीजन की सफलता से बहुत खुश हैं। प्रसारण के आंकड़े, दर्शकों की दिलचस्पी और शीर्ष टी-20 सितारों की भागीदारी ने इस टूर्नामेंट को एक शानदार सफलता बनाया।

**जनवरी में हुआ था पिछले सीजन का फाइनल**

आईएलटी 20 के पहले 3 सीजन जनवरी-फरवरी के समय में खेले जाने के बाद, चौथे सीजन में लीग दिसंबर के समय में शिफ्ट हुई थी।

## टी-20 टीम में आयरलैंड दौरे पर मिल सकता है मौका

# भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। महज 15 साल की उम्र में वह भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। चयनकर्ता उन्हें इस छोटे दौरे पर मौका देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि आगे बड़े दौरे से पहले उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके।



### शानदार बल्लेबाजी से खींचा चयनकर्ताओं का ध्यान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे के लिए चयन की दौड़ में हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल्द आजमाने के पक्ष में हैं और उन्हें सीमित ओवरों की सीरीज में मौका दिया जा सकता है।आयरलैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे में भी उन्हें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल भारत के लिए सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। वहीं, महिलाओं में शेफाली वर्मा ने 15 साल 7 महीने 27 दिन की उम्र में भारत के लिए खेलना शुरू किया था।

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर ▪ ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-09R, दिनांक 08.04.2026
**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **1. कार्य का नामः (क) जबलपुर डिवीजन (चरण-1) के सहायक ट्रांसफार्मर के लिए अलग से स्पेयर केबल की व्यवस्था। (ख) मौजूदा अप और डाउन मुख्य लाइनों और नई तीसरी लाइन में हरदुआ-नए मझगवां फाटक के बीच आईबीएस की व्यवस्था। (ग) रतोना में पुराने और अप्रचलित इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए एटी आपूर्ति की व्यवस्था। 2. कार्य स्थलः** जबलपुर मण्डल। **3. कार्य की अवधिः** 12 माह। **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** ₹ 1,97,86,466.67 (रुपये एक करोड़ सत्तानवे लाख छियासी हजार चार सौ छियासठ और सड़सठ पैसे मात्र)। **5. बयाना राशिः** ₹ 3,95,700/-. **6. निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 04.05.2026, 15.00 बजे/04.05.2026, 15.30 बजे। **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईटः https://www.ireps.gov.in. 8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से **https://www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com